आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–25 जून 2024 **सान्ध्य समाचार**

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज इमरजेंसी के 50वें वर्ष में कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर जमकर प्रहार किया। अपने सरकारी आवास पर प्रेस वार्ता करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज जब 50 वर्ष के उपरांत हम इमरजेंसी की उन यादों को स्मरण करते हैं तो स्वाभाविक रूप से कांग्रेस में चेहरे बदले होंगे, लेकिन उसका चरित्र और उसके हाव भाव आज भी वही है जो उन्नीस सौ पचहत्तर में था। उस समय कांग्रेस का एक बर्बर चेहरा हम सभी को देखने को मिला था। उन्होंने संविधान की मूल आत्मा कही जाने वाली प्रियंबल में संशोधन करके उसकी आत्मा को नष्ट करने का प्रयास किया था। श्री योगी ने कहा कि कांग्रेस ने उस समय देश के नागरिकों के मौलिक अधिकारों को पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया था। न्यायालय के अधिकारों को कांग्रेस ने उस समय बंधक बनाकर रख दिया था और आज भी कांग्रेस पार्टी में भले ही नेतृत्व और चेहरा बदला हो, लेकिन उसका चरित्र वही है।

श्री योगी ने कहा कि 50 वर्ष पूर्व आज के ही दिन देर रात्रि एक काला अध्याय लिखा गया था, जब कांग्रेस की तत्कालीन सरकार ने भारत के संविधान का गला घोंटते हुए लोकतंत्र को पूरी तरह समाप्त करने की साजिश रची थी। 25 जून उन्नीस सौ पचहत्तर को भारत के लोकतंत्र को नष्ट करने का प्रयास किया गया था। उस समय अटल बिहारी वाजपेई, मोरारजी देसाई, जय प्रकाश नारायण, लाल कृष्ण आडवाणी समेत विपक्ष के सभी नेताओं को जेल में बंद करके लोकतंत्र का गला घोंटने का प्रयास किया गया था।

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस के मौजूदा नेतृत्व पर हमला करते हुए कहा कि ये लोग आज लोकतंत्र की दुहाई देते हैं, लेकिन भारत के बाहर जाकर भारत के लोकतंत्र को कटघरे में खड़ा करते हैं और भारत की चुनाव प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगाते हैं। यही नहीं, भारत के अंदर भी हर चुनाव की प्रक्रिया में बाधा पैदा करके ईवीएम पर अपनी अकर्मण्यता का दोष थोपने का प्रयास करते हैं। दोपहर बाद गोरखपुर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आपातकाल के पचास वर्ष के अवसर पर गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित एक संगोष्ठी में भी कांग्रेस को घेरा।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज हुई प्रदेश कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर फैसले लिए गये। वाराणसी, बरेली और मुरादाबाद विकास प्राधिकारण के सीमा विस्तार के प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने के साथ ही नोएडा में मेट्रो लाईन के विस्तार को भी मंजूरी दी गयी। अयोध्या में टाटा संस की ओर से छह सौ पचास करोड़ से मंदिर संग्राहलय का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए पर्यटन विभाग एक रूपये की लीज पर जमीन उपलब्ध कराएगा। इसी तरह पर्यटन विभाग के बंद चल रहे आश्रयगृह को पीपीपी मॉडल पर तीस साल के लिए लीज पर दिया जाएगा। लखनऊ, प्रयागराज और कपिलवस्तु में पीपीपी मॉडल पर हैलीपोर्ट बनाया जाएगा। गोरखपुर में परमहंस योगानन्द की जन्मस्थली को पर्यटन स्थल के रूप मे विकसित करने पर भी सहमति बनी। इसके लिए पर्यटन विभाग को निशुल्क जमीन दी जाएगी। बैठक में अयोध्या कैंट एरिया में तीन सौ एक्यावन करोड़ चालीस लाख की लागत से सीवेज योजना बनाये जाने का भी प्रस्ताव पास हुआ।

****

परीषदीय स्कूलों के छात्र–छात्राओं का अब वर्ष में चार बार मूल्यांकन होगा। अगस्त और दिसंबर में सत्रीय परीक्षाएं होगीं। अक्टूबर में अर्धवार्षिक और मार्च में वार्षिक परीक्षाएं होगीं। तीन वर्ष पहले कोरोना संक्रमण की वहज से सत्रीय परीक्षाए आयोजित की जा रही थी, जिसकी वजह से वर्ष में सिर्फ दो बार ही मूल्यांकन हो पा रहा था। अब फिर से दोनो सत्रीय परीक्षाएं शुरू की जाएगी। इसे शैक्षिक कैलेंटर वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस में शामिल कर लिया गया है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिये है कि इसे वह सख्ती से लागू कराये। वहीं कमजोर छात्रों के लिए कल से अट्ठाईस जून तक परीषदीय विद्यालयों में अवकाश के बाद तीस मिनट की उपचारात्मक कक्षाएं संचालित की जाएगी। महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने निर्देश दिये हैं कि अंग्रेजी गणित सहित अन्य विषयों मे कमजोर छात्रों को छुट्टी के बाद रोका जाए और अलग से पढ़ाया जाए। हर शनिवार विद्यालय में शिक्षा चौपाल लगायी जाए और अभिभावकों को भी इसमें आमंत्रित किया जाए।

****

मानसून सिजन शुरू होने की वजह से पीलीभीत टाईगर रिजर्व आज शाम से पर्यटकों के लिए बंद कर दिया गया। टाईगर रिजर्व में सत्र के अंतिम दिन बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचे। प्रभागी वनाधिकारी ने बताया कि इस पर्यटन सत्र में सर्वाधिक चउवन हजार देशी–विदेशी सैलानियों ने पीलीभीत टाईगर रिजर्व की सैर की।

****

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सांसद ओम बिरला एनडीए के उम्मीदवार होंगे, जबकि विपक्षी इंडिया गठबंधन ने लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस के सांसद के0 सुरेश को अपना उम्मीदवार बनाया है। दोनों उम्मीदवारों ने अध्यक्ष पद के लिए आज अपना नामांकन भरा। अध्यक्ष का चुनाव कल होगा।

****